**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 05.12.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 05.12.2024 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सादस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.गं.), झाँसी। |
| 2 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 3 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 4 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 5 | श्री रजनीश गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 6 | श्री संदीप शर्मा | सहा.अभि. प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 7 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 8 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 9 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 10 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री लक्ष्मीनारायण | बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री वाई.एन. तिवारी | यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 13 | श्री अक्षय जाट | डी.पी.एम., डारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा0 |
| 14 | श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति | ए.जी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |
| 15 | श्री बलवीर सिंह | प्रतिनिधि, मेसर्स एच.एम.एस. इन्फाटेक, आगरा। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- <u>जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा।</u>

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यो की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

<u>गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 42 ग्रामों मे से 42 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सड़क पुर्नस्थापना के कार्य की समीक्षा करने पर अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि सत्यापन में अवशेष पायी गयी सड़कों को माह के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये सड़क पुर्नस्थापना के अवशेष कार्यो को 05 दिवस में पूर्ण कराने हेतु निर्देशत किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को आदेशित किया गया कि यदि अनुबन्धित फर्म द्वारा उक्त तिथि तक सड़क पुर्नस्थापना कार्य तक पूर्ण नही कराया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही करते हुये प्राथमिकी दर्ज करायी जायें तथा योजना का पुनः Functionality Test दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 से कराया जायें।

<u>बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 25 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना के

Scanned with CamScanner

कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के अवशेष ग्रामों का "हर घर जल" सत्यापित एवं अवशेष सड़क पुर्नस्थापना का कार्य आगामी 01 सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा।

<u>तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिस पर योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी एक सप्ताह के अन्दर शेष ग्राम का भी "हर घर जल" प्रमाणिकरण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त योजना का पुनः Functionality Test 15 दिसम्बर, 2024 से कराया जायें।

योजनाओं के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा आश्वस्त किया गया कि कि योजनान्तर्गत सम्मिलित समस्त ग्रामों में अवशेष सड़क पुर्नस्थापना एवं ग्रामों शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करने का कार्य आगामी 10 दिनों में पूर्ण करा दिया जायेगा।



<u>बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में से 35 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है मात्र 20–25 ग्रामों में 80 प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है, जिसे शत–प्रतिशत किये जाने हेतु ग्रामों के ऊँचाई वाले भाग में बाल्व एवं बुस्टर पम्प लगाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे आगामी 01 सप्ताह में पूर्ण कराते हुये योजना के शत–प्रतिशत ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना का पुनः Functionality Test कराने हेतु निर्देशित किया गया।

<u>इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 7600 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 35 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जा रही है। 24659 नग एच.एस.सी. का कार्य पूर्ण किया चुका है तथा 05 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित ग्रामों में धीमी गति से कराये जा रहे सड़क पुर्नस्थापना कार्य पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त किया गया। योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के जी.एम. श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया कि माह के अन्त तक योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी

Scanned with CamScanner

एवं सड़क पुर्नस्थापना का कार्य 15 जनवरी–2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा 20, दिसम्बर–2024 से योजना के प्रथम चरण (योजना के समस्त घटकों का पूर्ण क्षमता पर संचालन) का परीक्षण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

<u>टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेंक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टेंक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 48160 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 6300 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 19 नग एवं बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 4200 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 14 नग ग्रामों में शुद्व पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। अनुबन्धित फर्म के पी.एम. श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया है कि टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त कार्यो को फरवरी–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के प्रथम चरण (योजना के समस्त घटकों का पूर्ण क्षमता पर संचालन) का परीक्षण 30 दिसम्बर–2024 से कराने हेतु निर्देशित किया गया।

<u>कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 64 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजनान्तर्गत शेष 275 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी. मे परिवर्तीत करते हुये योजना के समस्त ग्रामों में शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु अनुबन्धित फर्म के ए.जी.एम. श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति को निर्देशित किया गया, जिस पर उनके द्वारा आस्वस्त किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार अवशेष सड़क पुर्नस्थापन के अवशेष कार्यो को आगामी 10 दिनों में पूर्ण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अवशेष सड़क पुर्नस्थापना को शीघ्र पूर्ण कराते हुये 15, दिसम्बर–2024 से योजनान्तर्गत की जा रही जलापूर्ति का पुनः सत्यापन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। मात्र 15 नग एच.एस.सी. संयोजनों को एफ.एच.टी.सी में परिवर्तित करने का कार्य शेष है। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री अक्षय जाट द्वारा अवगत कराया गया खण्ड विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार अवशेष सड़क पुर्नस्थापन के कार्य को 15 दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कराते हुये योजना के समस्त ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा Final Functionality Test दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 से कराने हेतु निर्देशित किया गया।



Scanned with CamScanner

...ड़ेवार ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 55 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लोक निर्माण विभाग द्वारा पाइप लाइन तोड़ दिये जाने के कारण वर्तमान में 03 ग्रामों की जलापूर्ति बन्द है, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी 03 दिनों में उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। शेष 03 ग्रामों के "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य कार्य आगामी बैठक से पूर्व पूर्ण कराते हुये खण्ड विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार अवशेष सड़क पुर्नस्थापन के कार्य को 10 दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कराते हुये योजना के समस्त ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अवशेष सड़क पुर्नस्थापना को शीघ्र पूर्ण कराते हुये 15, दिसम्बर–2024 से योजनान्तर्गत की जा रही जलापूर्ति का पुनः सत्यापन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्मो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में सम्मिलित समस्त ग्रामों में अवगत करायी गयी तिथियों तक अनिवार्य रूप से जलापूर्ति एवं सड़क पुर्नस्थापना के अवशेष कार्यो पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को आदेशित किया गया कि योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी सड़कों के सापेक्ष पुर्नस्थापित किये गये मार्गो का विभागवार/योजनावार विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि–

**पैकेज संख्या–01** में सम्मिलित पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 85.98 किमी. पाइप लाइन के सापेक्ष 59.58 किमी. पाइप लाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 55.197 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6404 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 5492 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज के अवशेष कार्यो को माह दिसम्बर–2024 तक पूर्ण करा दिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया योजना के कार्यो को उक्त तिथि तक पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित योजनाओं के प्रथम चरण (योजना के समस्त घटकों का पूर्ण क्षमता पर संचालन) का परीक्षण जनवरी–25 में करा लिया जायें।



**पैकेज संख्या–02** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 58.832 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 48.195 किमी. पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 48.15 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6724 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 4713 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज के अवशेष कार्यो को माह दिसम्बर–2024 तक पूर्ण करा दिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया योजना के कार्यो को उक्त तिथि तक पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित योजनाओं के प्रथम चरण (योजना के समस्त घटकों का पूर्ण क्षमता पर संचालन) का परीक्षण 15, जनवरी–25 में करा लिया जायें।

**पैकेज संख्या–03** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 104.95 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 91.246 किमी. पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 84.826 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 3515 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 2901 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित ग्रामों की आंशित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज में

Scanned with CamScanner

सम्मिलित पेयजल योजनाओं बरौर ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 300 किली. क्षमता के अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा अवशेष कार्यो को माह जनवरी–2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया योजना के कार्यों को उक्त तिथि तक पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित योजनाओं के प्रथम चरण (योजना के समस्त घटकों का पूर्ण क्षमता पर संचालन) का परीक्षण फरवरी–2025 के प्रथम सप्ताह में करा लिया जायें।

**पैकेज संख्या–04** में सम्मिलित 02 नग योजनाओं में प्रस्तावित 02 नग ओवर हैड टैंक के कार्य क्रमशः 90 एवं 95 प्रतिशत एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य क्रमशः 95–95 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। पैकेज में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज के अवशेष कार्यो को दिसम्बर–2024 के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

जनपद झाँसी में निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड की जलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन योजना के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल के कार्य 90 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 80 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 65 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य 70 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की वाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 78 प्रतिशत एवं द्वितीय चरण के 25 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। प्रथम चरण के कार्यो को दिसम्बर–2024 के अन्त तक पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्यो के अन्तर्गत इन्टेक वेल पर एप्रोच ब्रिज पम्प अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित 21144 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 11490 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दिसम्बर–2024 तक योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अगवत कराया गया है योजना के अवशेष कार्यो को अविलम्ब पूर्ण कराते हुये योजना के माध्यम से शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि गुरसरांय–गरौठा नगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यो को जनवरी–2025 तक पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी के अन्य नगर जैसे– बरूआसागर, गुरसरांय, मोंठ एवं समथर में पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी निर्माण कार्यो को कराया जा रहा है, जिन्हें निर्धारित समयावधि जुलाई–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा तथा अन्य नगरों में पेयजल योजनाओं के कार्यो की निविदा प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

9/12/2024

**(रणविजय सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक–1802/ [illegible] एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2024/182 दिनॉकः10 दिसम्बर, 2024

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी महोदय, झाँसी।
5– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

9/12/2024

**(रणविजय सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with CamScanner